प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- कुख्यात अपराधी अमन साहू के एनकाउंटर मामले में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दिए जांच के आदेश, मंत्री इरफान अंसारी ने कहा राज्य सरकार जीरो टॉलरेंस की सरकार, पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने की सीबीआई जांच की मांग।
- विधानसभा में आज राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के लिए सात अरब अंठावन करोड़ सन्तानबे लाख से ज्यादा का अनुदान मांग पारित।
- चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए 30 अप्रैल तक पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से मांगा सुझाव।
- सीबीआई ने जेपीएससी के पांच अफसरों के खिलाफ नये सिरे से जांच करने का दिया आदेश।
- 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के लिए बोकारो के साजिद ने 110 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में जीता रजत पदक।

****************

कुख्यात अपराधी अमन साहू के एनकाउंटर पर हजारीबाग पहुंचे राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा है कि मामले की जांच के लिए एटीएस के एसपी को घटनास्थल पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अमन साहू विकास तिवारी, अमन श्रीवास्तव और प्रिंस खान गिरोह सक्रिय है, इन सभी पर जल्द नकेल कसा जाएगा।

****************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने अमन साहू एनकाउंटर मामले में कहा कि हेमंत सरकार जीरो टॉलरेंस की सरकार है। राज्य में विधि व्यवस्था बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है–

इधर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपराधी अमन साहू के मुठभेड़ में मारे जाने की घटना की सीबीआई जांच कराने की मांग की है।

****************

झारखण्ड विधानसभा के बजट सत्र के 11 वें दिन आज राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के लिए 7 अरब 58 करोड़ 97 लाख रुपये से ज्यादा का अनुदान मांग पारित हुआ.। विपक्ष की तरफ से अनुदान मांग पर भाजपा विधायक आलोक कुमार चौरसिया के कटौती प्रस्ताव का जवाब देते हुए भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि भूमि विवाद के कारण से कानून व्यवस्था की समस्या आती है इससे इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि झारखण्ड की आत्मा सीएनटी और एसपीटी एक्ट है, सरकार इसको सख्ती से लागू करेगी।

****************

भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से आज से 30 अप्रैल तक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है।

****************

राज्य सरकार ने होली के अवसर पर 14 मार्च शुक्रवार को घोषित अवकाश के अतिरिक्त शनिवार 15 मार्च को भी एन आई एक्ट के तहत अवकाश घोषित किया है। इसके तहत कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

****************

सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने जेपीएससी के पांच अफसरों के खिलाफ नये सिरे से जांच करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने अपने आदेश की कॉपी सीबीआई के शाखा प्रमुख को भेजने का निर्देश दिया है। प्राथमिकी में इनके खिलाफ विशिष्ट आरोप दायर किया गया हैं। इससे संबंधित फॉरेंसिक रिपोर्ट में इन नंबरों में बदलाव किये जाने का ब्यौरा उपलब्ध है।

****************

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने हजारीबाग में सुरक्षा के मद्देनजर मैराथन बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य एनटीपीसी डीजीएम कुमार गौरव हत्याकांड से जुड़ा रहा। बैठक के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि एनटीपीसी के पदाधिकारी और कर्मियों को पुख्ता सुरक्षा इंतजाम भी मुहैया कराया जाएगा।

****************

बोकारो पुलिस ने छापेमारी कर दो बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। चोर की निशानदेही पर विभिन्न थाना क्षेत्रों से 45 बाइक और स्कूटी बरामद किया गया है। बोकारो पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि कथारा, तेनुघाट, गोमिया और पेटरवार थाना क्षेत्रों से 45 मोटरसाईकिल बरामद किया गया है।

****************

गोडडा जिले में होली का त्योहार शांति प्रिय व हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबध्द है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता मे राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक कल सुबह 11 बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी।
- राज्य में बढ़ते अपराध को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल प्रोजेक्ट भवन में पुलिस विभाग के आलाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।
- झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही की समाप्ति के उपरांत होली के सत्र अवकाश से पूर्व विधानसभा परिसर में आज होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सभी विधायक मौजूद रहे।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने शिष्टाचार मुलाकात की।
- बोकारो के बेरमो में गांधीनगर थाना के एएसआई अजय प्रसाद को 10000 रूपये घूस लेते एसीबी धनबाद ने गिरफ्तार किया।

****************

राजधानी रांची समेत राज्य के सभी जिलों का अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग की मानें तो होली के दिन 15 मार्च को आकाश में बादल छाए रह सकते हैं।

****************

खेल राउंड अप

- बोकारो चंदनक्यारी आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के साजिद ने 10 से 12 मार्च तक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पटना में आयोजित 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आज झारखंड को रजत पदक दिलाया। बालक अंडर 18 वर्ष आयु वर्ग के 110 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में साजिद ने रजत पदक जीता। इस प्रतियोगिता में झारखंड को अब तक  दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक मिले हैं।
- हरियाणा के मधुबन में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में सीआईएसएफ रांची की टीम ने वॉलीबाल मैच में आज रजत पदक जीता है।
- 22 मार्च से शुरू होनेवाले झारखंड इंटर स्कूल और कॉलेज कराटे चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया आज से शुरू कर दी गई है।

******समाप्त***********